BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक- 08 जून 2023 **थाना गुलावठी**

मंदिरों की मूर्तियां को खंडित करने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 31.05.2023 की रात्रि में थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बराल में स्थित 04 मंदिरों की मूर्तियों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा खंडित कर दिया गया था जिसके संबंध में थाना गुलावठी पर मुअसं- 221/23 धारा 153ए/295/505(2) भादवि पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर द्वारा 05 टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा विवेचना/तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आये 04 अभियुक्तों को आज दिनांक 08.06.2023 को बराल स्टेशन के सामने हाईवे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- हरीश उर्फ ईलू पुत्र सुरेश निवासी ग्राम बराल थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।
2- अजय पुत्र राजपाल निवासी उपरोक्त।
3- शिवम पुत्र सुन्दर निवासी उपरोक्त।
4- केशव पुत्र दीपचन्द निवासी उपरोक्त।

बरामदगी-

1- 01 लोहे का सब्बल

गिरफ्तार अभियुक्तगण प्रतिदिन मुख्य अभियुक्त हरीश उर्फ ईलू के घेर में बैठकर शराब पीते थे। घटना वाली रात में भी अभियुक्तों द्वारा हरीश उर्फ ईलू के घेर में शराब पी गयी थी उसके बाद शराब के नशे में हरीश उर्फ ईलू के कहने पर अभियुक्तों द्वारा मूर्तियों खंडित की गयी।

गिरफ्तार करने वाली टीम

1. श्री जितेन्द्र कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना गुलावठी।
2. उ0नि0 राजकुमार, उ0नि0 विपिन कुमार, उ0नि0 रवि वर्मा
3. है0का0 शिवराम सिंह, है0का0 अनील त्यागी, है0का0 विजय कुमार, का0 मोहन शर्मा, का0 हेमेन्द्र कुमार, का0 विवेक तोमर

मीडिया सैल बुलन्दशहर